संख्या-32/2015/1528/71-1-2014-जी-327/2013

प्रेषक,

अरिन्दम भट्टाचार्य,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 03 मार्च, 2015

विषय:- मेडिकल कालेज, इलाहाबाद में कैंसर यूनिट एवं कोबाल्ट-60 मशीन के संचालन के लिए रेडियोथेरेपी टेक्नीशियन के पदों के सृजन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एम0ई0-1/14/3459, दिनॉक 03-11-2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मेडिकल कालेज, इलाहाबाद में कोबाल्ट मशीन-60 के संचालन के लिए रेडियोथेरेपी टेक्नीशियन के 02 पद वेतनमान रू0 5200-20200, ग्रेड पे रू0 2800/- में सृजित करते हुए दिनॉक 28-02-2015 बशर्ते कि इससे पूर्व ही बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त न कर दिये जाय, तक चलते रहने की महामहिम राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- सृजित किये जा रहे नियमित पद के पदधारकों को शासन द्वारा समय-समय पर अनुमन्य महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्तें आदि नियमानुसार देय होंगे।

4- उक्त पदों पर इण्टरमीडिएट (सांइस) के साथ डेढ़ वर्ष या इससे अधिक का डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी की अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जायेगी।

5- उक्त पदों पर होने वाला व्यय अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनेत्तर-05-चिकित्सा शिक्षा- प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0340-राजकीय मेडिकल कालेज, इलाहाबाद" के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पंजी0 संख्या-ई-3-293/दस-2015, दिनॉक 26 फरवरी, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(अरिन्दम भट्टाचार्य)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:- 32/2015/1528(1)/71-1-2014 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, इलाहाबाद।
4- कोषाधिकारी, इलाहाबाद।
5- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, इलाहाबाद।
6- नियोजन अनुभाग-4
7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
8- चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in